हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359300

क्रमांक 1175 / परीक्षा / 2021 दुर्ग, दिनांक 25.03.2021

/ / अधिसूचना / /

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, दुर्ग (छ.ग.) द्वारा जारी आदेश कमांक / 74 / जि. दंडा. / एस.डब्ल्यू / 2021 दुर्ग, दिनांक 18 मार्च, 2021 के अनुपालन में कोविड–19 संक्रमण के मद्देनजर मुख्य परीक्षा 2021 के संबंध में निम्नानुसार निर्देश जारी किए जाते हैः–

1. **मुख्य परीक्षा 2021 की अधिसूचना क्रमांक 1163 / परीक्षा / वार्षिक / 21 दुर्ग, दिनांक 12.03.2021 के तारतम्य में समस्त परीक्षार्थियों को अपने परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय में मुख्य / वार्षिक परीक्षा 2021 की हार्डकापी जमा करने संबंधी निर्देश तत्काल प्रभाव से स्थगित की जाती है।**
2. **विश्वविद्यालय द्वारा कोविड–19 की परिस्थितियों के सामान्य होने पर परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी जमा करने हेतु पृथक से तिथि निर्धारित की जावेगी।**
3. **परीक्षार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने परीक्षा आवेदन फार्म की हार्डकॉपी अपने पास सुरक्षित रखेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन जमा करने की तिथि निर्धारित होने के पश्चात संबंधित महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र में वे अपने आवेदन समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ अग्रेषण शुल्क सहित जमा करेंगे।**
4. **महाविद्यालयों / परीक्षा केन्द्रों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने लागइन आई. डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर अपने महाविद्यालय के अन्तर्गत ऑनलाईन माध्यम से जमा किए गये परीक्षा आवेदन को Student Exam Form Verification पर जाकर ऑनलाईन माध्यम से सत्यापन करेंगे। अतः ऑनलाईन माध्यम से परीक्षा आवेदन को संबंधित महाविद्यालय द्वारा सत्यापन करना अनिवार्य है, ताकि महाविद्यालयों में छात्र / छात्राओं की अनावश्यक भीड़ न हो।**
5. **कृपया संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगे।**

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र. 1176 / परीक्षा / 2021 दुर्ग, दिनांक 25.03.2021

प्रतिलिपिः–

1. जिलाधीश महोदय, जिला–दुर्ग को सूचनार्थ।
2. प्राचार्य, समस्त संबंद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय।
3. विभागाध्यक्ष, समस्त विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय , दुर्ग।
4. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजसहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ।
5. संपादक, समस्त समाचार पत्र को इस निवेदन के साथ कि वे इसे समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)